कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश,
छठा तल, जवाहर भवन, लखनऊ।

संख्या–एम0ई0–3 / 2022 /   लखनऊःदिनांक– 01 जून ~~मई~~, 2022

:::पी0सी0 एण्ड पी0एन0डी0टी0 कांउसिलिंग की प्रथम व द्वितीय फेज (2021) की समय–सारणी:::

पी0सी0 एण्ड पी0एन0डी0टी0 (गर्भधारण से पूर्व एवं प्रसव निदान तकनीकी नियम–2014) की प्रथम व द्वितीय फेज (2021) की कांउसिलिंग हेतु समय–सारणी निम्नवत् हैः–

कार्यकम	समय–सारणी
ऑन–लाईन पंजीकरण की तिथि	दिनांक 02 जून, 2022 (अपरान्ह 2.00 बजे) से 06 जून, 2022 (अपरान्ह 2.00 बजे तक)
धरोहर धनराशि जमा करने की तिथि	दिनांक 02 जून, 2022 (अपरान्ह 2.00 बजे) से 07 जून, 2022
मेरिट लिस्ट जारी करने की सम्भावित तिथि	दिनांक–6 जून, 2022
कांउसिलिंग हेतु विकल्प (Choice) भरे जाने की तिथि	दिनांक–07 जून, 2022 (पूर्वान्ह 11.00 बजे) से दिनांक–08 जून, 2022 (अपरान्ह 2.00 बजे तक)
परीक्षा परिणाम की घोषणा	दिनांक–08 / 09 जून, 2022
आवंटन पत्र डाउनलोड किये जाने तथा प्रवेश लेने की तिथि	दिनांक–09 जून, 2022 से 14 जून, 2022 तक

1. नीट पी0जी0–2021 में अर्ह (Qualified) अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है।
2. यू0पी0 नीट पी0जी0–2021 के शासनादेश दिनांक 7 अक्टूबर, 2021 तथा यू0पी0 नीट पी0जी–2021 के ब्रोशर में दिये गये नियम व शर्ते लागू होगी।
3. अभ्यर्थी एन0आई0सी0 की वेबसाइट https://upneet.got.in नेट बैंकिंग / डेबिड कार्ड / क्रेडिट कार्ड / ऑन लाइन के माध्यम से रु0 2000 / – (रूपये दो हजार मात्र) की धनराशि जमा कर पंजीकरण करने के पश्चात् अर्ह अभ्यर्थी पी0सी0 एण्ड पी0एन0डी0टी0 काउंसिलिंग में प्रतिभाग कर सकते है।
4. पंजीकरण धनराशि रू0 2000 / –जमा कराते हुए पंजीकरण रसीद डाउनलोड कर लें यदि पंजीकरण रसीद डाउनलोड नही हो रही है, तो Payment Update होने का इंतजार करें, कभी–कभी Payment Update होने में 2 से 3 दिन का समय लग सकता है। पुनः पंजीकरण की धनराशि जमा करने की आवश्यकता नही है।
5. च्वाइस फिलिंग से पूर्व रु0 10,000 / –(रूपये दस हजार मात्र) की धरोहर धनराशि नेट बैंकिग / डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / ऑन–लाईन जमा करना अनिवार्य होगा।
6. पी0सी0 एण्ड पी0एन0डी0टी0 की काउंसिलिंग हेतु मेरिट ऑल इण्डिया रैंक के आधार पर जारी की जायेगी। इन सर्विस अभ्यर्थियो को वेटेज अनुमन्य नही होगा।

7. अभ्यर्थियों द्वारा Choice भरने के उपरान्त Choice Lock करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में काउंसिलिंग प्रक्रिया से स्वतः बाहर हो जायेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।
8. आवंटन के पश्चात् अभ्यर्थियो को अपने सभी मूल शैक्षणिक अभिलेख/प्रमाण पत्रों के साथ–साथ स्वतः प्रमाणित अभिलेखो/प्रमाण पत्रों की प्रतियाँ प्रवेश के समय आवंटित कालेज में प्रस्तुत कर निर्धारित शुल्क जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।
9. नीट पी0जी0–2021 की काउंसिलिंग से प्रवेशित (एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा/डी0एन0बी0) अभ्यर्थी पी0सी0 एण्ड पी0एन0डी0टी0 काउंसिलिंग हेतु अर्ह नहीं है।
10. पी0सी0 एण्ड पी0एन0डी0टी काउंसिलिंग से सम्बन्धित सूचनाए वेबसाइट https://upneet.gov.in & www.updgme.in पर देखी जा सकती है।

महानिदेशक।

संख्या–एम0ई0–3/2021/1331 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री जी, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
3. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4
4. निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्त विज्ञप्ति को विभाग की वेबसाईट ***https://upneet.gov.in*** पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
5. रजिस्ट्रार, के0जी0एम0यू0, लखनऊ/प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर/मेरठ/आगरा/ प्रयागराज तथा झॉसी।
6. डा0 बी0डी0 सिंह, सम्बद्ध अधिकारी, चिकित्सा शिक्षा को इस अनुरोध के साथ कि उक्त सूचना विभाग की वेबसाईट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करे।
7. शिविर सहायक, महानिदेशक कैम्प कार्यालय, चिकित्सा शिक्षा।

महानिदेशक।